Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 101 ▫ रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बेमेतरा जिले के सहसपुर में उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर, बरगद पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

**रायपुर,** 6 मई (हाईवे चैनल)। 'सुशासन तिहार' के तीसरे चरण का आज दूसरा दिन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज आकस्मिक दौरे पर बेमेतरा जिले के ग्राम सहसपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन पर ग्रामीणों ने उनका फूल माला पहनाया और आरती कर स्वागत किया। उन्होंने गांव में बरगद पेड़ के निचे चौपाल लगाई, जहां खाट पर बैठकर उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी और योजनाओं का फीडबैक लिया।

इससे पहले सीएम साय ने 13वीं- 14वीं शताब्दी में कवर्धा के फणीवंशीय राजाओं द्वारा निर्मित शिव मंदिर के दर्शन किए। जनता की समस्या को करीब से जानने के माध्यम 'सुशासन तिहार' के तहत सीएम साय बिना पूर्व सूचना के अलग-अलग जिलों में पहुंच रहे हैं। जहां वे ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं। ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा और उनका तत्काल समाधान भी किया।



### सीएम साय ने की घोषणाएं

- सहसपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से बातचीत के बाद जरूरतों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कई घोषणाएं की है।
- हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नए भवन को मिली स्वीकृति
- 13 वीं-14 वीं शताब्दी में फणी नागवंशी राजाओं द्वारा निर्मित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की घोषणा
- 33 केव्ही विद्युत सब स्टेशन की घोषणा

### मुख्यमंत्री ने तेरहवीं शताब्दी के प्राचीन मंदिर के किए दर्शन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बेमेतरा जिले के ग्राम सहसपुर में 13वीं- 14वीं शताब्दी में निर्मित भगवान शिव और हनुमान के प्राचीन मंदिर के दर्शन किए। सीएम ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि ग्राम-सहसपुर में यह प्राचीन मंदिर कवर्धा के फणिनागवंशी राजाओं द्वारा नागर शैली में निर्मित किया गया था। यह मंदिर इस बात का जीवंत सबूत है की छत्तीसगढ़ की धरती में धर्म और आस्था के बीज बहुत पुराने हैं। आज भी इन मंदिरों का पुराना वैभव यथावत है। ये मंदिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। सोलह स्तम्भों पर टिका शिव मंदिर और आठ स्तम्भों का हनुमान मंदिर बहुत सुंदर प्रतीत होता है। ये अपने कालखंड की एक निशानी के तौर पर मौजूद हैं और हमारी समृद्ध कला संस्कृति का भी परिचय देते हैं।

## शिक्षा केवल रोजगार नहीं बल्कि सफल जीवन का माध्यम है : साय

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांजगीर चांपा जिले में आकांक्षा विद्यालय में जेईई और पीएससी कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के साथ आत्मीय वार्तालाप करते हुए परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार नहीं बल्कि सफल जीवन का माध्यम है। मुख्यमंत्री साय ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आकांक्षा विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही कोचिंग सुविधाओं की सराहना की और छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों की सफलता के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।



मुख्यमंत्री साय ने आकांक्षा विद्यालय में नीट जेईई कोचिंग के विद्यार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री साय ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत वे शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे हैं। उन्होंने आकांक्षा आवासीय विद्यालय से चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति कर रहा है। इंजीनियरिंग मेडिकल सहित सारी शिक्षण संस्थाएं यहां पर मौजूद हैं। दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए छात्रावास में बच्चों के लिए सीटों की संख्या बढ़ाई गई । इसके साथ-साथ पढ़ाई का बेहतर माहौल देने प्रत्येक जिले में नालंदा परिसर बनाने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री साय ने आकांक्षा आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ भोजन किया। साय ने कहा कि सुशासन के माध्यम से आम जनों से किया गया संवाद निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को एक नई दिशा देगा। गौरतलब है कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश परीक्षा, पीएससी, व्यापम, रेलवे एसएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के लिए जांजगीर चांपा जिले में आकांक्षा कार्यक्रम की शुरुआत 2018 में की गई थी। आकांक्षा आवासीय विद्यालय में प्राप्त कोचिंग के माध्यम से अब तक 90 से अधिक बच्चे जेईई एवं नीट परीक्षा में सफल हो चुके हैं। आकांक्षा कार्यक्रम के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ नोट्स किताबें एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई जाती हैं।

## नक्सलियों ने उपसरपंच का गला घोंटा, मौत

**सुकमा,** 6 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ समेत देश से सशस्त्र नक्सलवाद को खत्म करने के लिए निर्णायक लड़ाई जारी है। सुरक्षाबलों की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई से माओवादी बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।



इसी बीच अब सुकमा जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। माओवादियों ने यहां बैनपल्ली गांव के उपसरपंच की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला तारलागुड़ा इलाके का है। मृतक की पहचान मुचाकी रामा के रूप में हुई है। हाल में संपन्न पंचायत चुनाव में वह निर्विरोध उप सरपंच निर्वाचित हुआ था। सोमवार देर शाम नक्सलियों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके के पुलिस बल को रवाना किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## भारत-पाक युद्ध : दुर्ग में होगा मॉक ड्रिल, तैयारी में जुटा प्रशासन

**दुर्ग,** 6 मई (हाईवे चैनल)। भारत-पाक युद्ध के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने केंद्र सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मॉक ड्रिल होगा. इसकी तैयारी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है. मॉक ड्रिल को लेकर कलेक्टर ने आज बैठक बुलाई है. मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ को जिम्मेदारी दी जाएगी.

**गृह मंत्रालय ने जारी किया है निर्देश**

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा, भिलाई इस्पात संयंत्र जैसे बड़े सयंत्र की वजह से दुर्ग जिले में मॉक ड्रिल किया जाएगा. इसके लिए आज शाम बैठक रखी गई है. बता दें कि पहलगाम अटैक का बदला लेने के लिए भारत कड़ा रुख अपनाने की तैयारी कर रहा है. बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध वॉर जारी है. युद्ध की आग कभी भी भड़क सकती है. ऐसे में भारत ने अपनी ओर से तैयारी तेज कर दी है. केंद्र सरकार ने सुरक्षा तैयारियों को लेकर बड़ा कदम उठाया है. गृह मंत्रालय ने देश के कई प्रदेशों को 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं. इसके तहत छत्तीसगढ़ के दुर्ग में कल मॉक ड्रिल किया जाएगा.

## ब्रेकिंग न्यूज

### गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषियों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषियों की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें दो जजों की पीठ द्वारा उनकी अपील पर सुनवाई करने पर आपत्ति जताई गई थी। याचिका में कहा गया था कि दो जजों की पीठ उनकी अपील पर सुनवाई नहीं कर सकती क्योंकि यह मामला मौत की सजा से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं के वकील संजय हेगड़े ने जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ को बताया कि लाल किला आतंकी हमले में मोहम्मद आरिफ उर्फ अशरफ को मौत की सजा देने के मामले का उल्लेख किया। उस सुनवाई में कहा गया था कि तीन जजों की पीठ ही मौत की सजा से जुड़े मामलों की सुनवाई कर सकती है। हेगड़े ने कहा कि %मान लीजिए कि दो जजों की पीठ कुछ आरोपियों को मौत की सजा दे देती है तो फिर इस मामले पर तीन जजों की पीठ को फिर सुनवाई करनी पड़ेगी।% हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस सबमिशन को खारिज कर दिया और कहा कि तीन जजों की पीठ उन्हीं मामलों पर सुनवाई कर सकती है, जिनमें उच्च न्यायालय ने मौत की पुष्टि कर दी हो। जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय ने इस मामले में 11 दोषियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। इस मामले में सिर्फ ट्रायल कोर्ट ने ही मौत की सजा सुनाई है। ऐसे में इस मामले में दो जजों की पीठ सुनवाई कर सकती है।




चूहा- सुनती हो, नेता-मंत्री रोज कह रहे हैं आज कुछ 'बड़ा' होने वाला है..!

चुहिया- हां जी, बड़ा तो बड़ा आज तक 'छोटा' भी नहीं हुआ।

## सबरीमाला मंदिर जाएंगी द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मई को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगवान अयप्पा के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगीं। देश के इतिहास में वह पहली राष्ट्रपति होंगी जो सबरीमाला मंदिर जाएंगीं। मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने राष्ट्रपति की यात्रा की पुष्टि की। साथ ही इसे देश के इतिहास में गर्व का पल करार दिया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एसपीजी और मंदिर प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है।



बताया जाता है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 और 19 मई को केरल की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगीं। 18 मई को वह केरल के कोट्टायम जिले में एक निजी कार्यक्रम में भाग लेंगीं। इसके बाद अगली सुबह 19 मई को सबरीमाला मंदिर के पास बने निलक्कल हेलीपैड पर जाएंगी। यहां से पंपा बेस कैंप जाएंगीं। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति आम दर्शनार्थियों की तरह पहाड़ी पर चढ़ाई भी कर सकती हैं। हालांकि इसे लेकर एसपीजी सुरक्षा उपायों पर ध्यान दे रही है। टीडीबी के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने कहा कि यह पहली बार है कि जब किसी राष्ट्रपति का सबरीमाला मंदिर में आगमन हो रहा है। उनके पहाड़ी पर चढ़ने और न चढ़ने का फैसला एसपीजी को करना है। हम निर्देशों का पालन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यक्रम अभी नहीं आया है। मगर तैयारियां चल रही हैं। हमने सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। आधिकारिक कार्यक्रम आने के बाद सीएम विजयन बैठक बुलाएंगे।

## युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पहुंचे रायपुर, 'धन्यवाद राहुल गांधी' के साथ 'युवा आक्रोश मशाल रैली' में होंगे शामिल

रायपुर, 6 मई (हाईवे चैनल)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब पदाधिकारियों से मुलाकात के अलावा संगठन के कार्यक्रमों में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं. एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए विधायक संदीप साहू, हस्ढ्ढ के महासचिव हनी बग्गा, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय सहित बड़ी संख्या में हस्ढ्ढ के कार्यकर्ता मौजूद थे. उदयभानु चिब महासमुंद और बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने के साथ गिरौधपुरी में मंदिर दर्शन का भी कार्यक्रम है. इसके अलावा बिलाईगढ़ में जाति जनगणना पर आयोजित धन्यवाद राहुल गांधी कार्यक्रम के अलावा पहलगाम घटना के विरोध में महासमुंद जिले में आयोजित युवा आक्रोश मशाल रैली में शामिल होंगे. इन सबके बाद आज शाम को नियमित विमान से दिल्ली लौट जाएंगे.



## गृह मंत्रालय में हुई सिविल डिफेंस की बैठक, मॉक ड्रिल की तैयारियों की गई समीक्षा

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। इस बीच भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ संभावित कार्रवाई को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आज यानि की मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें लोगों को मॉक ड्रिल के लिए प्रशिक्षित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में राज्यों के मुख्य सचिव हुए शामिल हुए।

## दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान पर हमले के लिए खोला अपना हवाई क्षेत्र

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। ब्रिक्स सदस्य देश दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय वायुसेना को पाकिस्तान पर हमले के लिए अपनी हवाई क्षेत्र खोलने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस कदम से भारतीय वायुसेना को पाकिस्तान के खिलाफ रणनीतिक हवाई हमलों के लिए दक्षिण अफ्रीका के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति मिल गई है, जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग को और मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका का यह कदम भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दर्शाता है। दक्षिण अफ्रीका, जो ब्रिक्स का एक महत्वपूर्ण सदस्य है, ने भारतीय वायुसेना को यह अवसर दिया है कि वह अपनी वायु सेना का उपयोग पाकिस्तान में लक्षित हवाई हमलों के लिए कर सके।

### खरगे ने पीएम मोदी को फिर लिखा पत्र

## जातिगत जनगणना पर कांग्रेस की तीन मांगें

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर जातिगत जनगणना को लेकर पत्र लिखा है। 6 मई 2025 को लिखे इस पत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री से तीन ठोस सुझाव भी साझा किए हैं। साथ ही यह भी कहा कि उन्होंने पहले भी 16 अप्रैल 2023 को इस मुद्दे पर पत्र भेजा था, लेकिन आज तक उसका कोई उत्तर नहीं मिला। इस नई चिट्ठी में उन्होंने सरकार द्वारा घोषित जातिगत जनगणना को लेकर अपनी चिंताएं और अपेक्षाएं साफ शब्दों में रखी हैं।



खरगे ने पत्र की शुरुआत इसी मुद्दे से की कि उन्होंने 16 अप्रैल 2023 को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग को औपचारिक रूप से रखा था, लेकिन उन्हें आज तक उसका कोई उत्तर नहीं दिया गया। उन्होंने अफसोस जताते हुए लिखा कि न केवल उनके पत्र का जवाब नहीं आया बल्कि बीजेपी नेताओं ने इस मुद्दे को उठाने पर कांग्रेस को निशाना भी बनाया। लेकिन अब जब खुद प्रधानमंत्री ने अगली जनगणना में जाति को शामिल करने की बात कही है, तो उन्हें यह मुद्दा फिर से उठाना ज़रूरी लगा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पत्र में प्रधानमंत्री को तीन ठोस सुझाव भी दिए हैं- जनगणना प्रश्नावली का उचित डिज़ाइन जरूरी है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय को तेलंगाना मॉडल से सीख लेनी चाहिए। प्रश्नावली को तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और उद्देश्य होना चाहिए ताकि सभी जातियों की सटीक जानकारी सामने आ सके। 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा खत्म होनी चाहिए। खरगे ने कहा कि जाति जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को 50त्न की सीमा से ऊपर ले जाने के लिए संविधान संशोधन जरूरी है। उन्होंने अनुच्छेद 15(5) का हवाला देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में यह खंड पहले ही टिक चुका है और इसे निजी शैक्षणिक संस्थानों में लागू किया जाना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श हो। उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वे जातिगत जनगणना पर सभी दलों के साथ चर्चा करें ताकि यह प्रक्रिया निष्पक्ष और सर्वमान्य हो।

## कनाडा खुद आकर मिल जाएगा अमेरिका में, सेना की जरूरत नहीं : ट्रंप

**नई दिल्ली,** 6 मई (हाईवे चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विवादित बयानों को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने एक बार फिर कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कहकर हलचल मचा दी है। हालांकि ट्रंप ने स्पष्ट किया कि इसके लिए किसी भी सैन्य कार्रवाई की आवश्यकता नहीं होगी। एनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने यह बयान दिया, जिसमें उन्होंने अपने संभावित तीसरे कार्यकाल और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को लेकर भी कई बातें कही।ट्रंप ने कहा कि कनाडा को अमेरिका में शामिल करने के लिए कोई जबरदस्ती नहीं करनी होगी।



अमरीका के राष्ट्रपति का फिर विवादित बयान

उनका मानना है कि दोनों देशों के हित और साझा मूल्य एक-दूसरे के इतने करीब हैं कि यह बदलाव स्वाभाविक हो सकता है। हालांकि, उन्होंने इस विचार को पूरी तरह आधिकारिक नीति न बताते हुए एक संभावना की तरह प्रस्तुत किया। ट्रंप ने यह भी साफ किया कि वह व्हाइट हाउस में तीसरी बार वापसी की योजना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने 2028 के चुनाव में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस या किसी अन्य करीबी सहयोगी के भाग लेने की चर्चाओं को भी खारिज किया।साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने अवैध प्रवासियों को देश से निकालने की अपनी नीति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया संविधान के दायरे में रहकर ही की जा रही है और इसमें कोई गैरकानूनी कदम नहीं उठाया गया।

उन्होंने अल साल्वाडोर के किल्मर अब्रेगो गार्सिया के केस का उदाहरण देते हुए कहा कि गार्सिया एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा था और उसे निर्वासित किया गया, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि उसे अमेरिका वापस लाया जाए। डोनाल्ड ट्रंप के ये बयानों ने एक बार फिर उन्हें अमेरिका और कनाडा दोनों में राजनीतिक बहस का केंद्र बना दिया है।